# बिना कारण के दाखिल खारिज अस्वीकृत करने पर रातू अंचल कार्यालय की जांच की गई



● सभी लंबित मामलों की सूची 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश

● 10 डिसमिल तक की भूमि के अस्वीकृत मामलों की केस संख्या सहित सूची मांगी गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने अंचल कार्यालय रातू पहुंच बिना जायज कारण के 10 डिसमिल तक के भूमि का दाखिल खारिज अस्वीकृत करने को लेकर रैंडम 05 अस्वीकृत दाखिल खारिज आवेदन कि जाँच कि गई। जिसमें अस्वीकृत आवेदन जाँच करने में सही पाई गई। लेकिन इसे तय सीमा से ज्यादा रखा गया था। जिसपर अंचल अधिकारी रातु को निर्देश दिया गया, दिए गए समय के अनुसार दाखिल खारिज के मामलें का निष्पादन करें।

जानकारी हो कि उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारी को यह स्पस्ट निर्देश दिया गया की अंचल में आने वालें दाखिल खारिज ससमय कराए।

### दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन का निर्देश

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी रातू से सभी लंबित दाखिल खारिज के सूची मांगी गई तथा सभी लंबित दाखिल खारिज के मामलें का 07 दिनों में निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही 10 डिसमिल तक जो दाखिल खारिज के मामलें अस्वीकृत किए गए है, उन सबकी विस्तृत केस संख्या के साथ सूची कि मांग कि गई है, ताकि बिना जायज कारण के दाखिल खारिज के मामलें बिना ठोस कारण के अस्वीकृत किए गए है, उनकी जाँच कि जा सकें।

दाखिल खारिज/भूमि सम्बंधित मामलें जिन अंचलों में काफी समय से लंबित है, वैसे अंचलों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया। साथ में उपायुक्त द्वारा कहा गया की दाखिल खारिज के मामलें अंचलों में आते है उन्हें बिना जायज कारण के अस्वीकृत ना करें। अस्वीकृत करने से पहले ऐसे मामलों का अच्छे से मूल्यांकन कर ले। जिसपर उपायुक्त ने कहा की जिन अंचलों में बिना जायज कारण के दाखिल खारिज के मामलें बिना ठोस कारण के विभिन्न अंचलों में अस्वीकृत किए गए है, वैसे मामलों का जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा जांच कराया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने पर सम्बंधित पदाधिकारी पर प्रपत्र क गठित की जाएगी। इस दौरान अंचल अधिकारी अंचल अधिकारी रविकुमार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## डीसी जिलावासियों की समस्याओं से हुए अवगत



● प्राप्त आवेदनों को यथाशीघ्र समाधान करने का दिया निर्देश

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए उपायुक्त द्वारा अविलंब जांच कर यथाशीघ्र समाधान का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में भूमि, अवैध बालू ढुलाई, रोजगार, शिक्षा विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में संजीवनी महिला समिति द्वारा कोर्ट परिसर में दाल-भात केन्द्र के संचालन हेतु चयन में गड़बड़ी की शिकायत की गयी। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। जनता दरबार में सिल्ली प्रखण्ड अंतर्गत श्यामनगर क्षेत्र स्थित राढू नदी पर बालू के अवैध खनन की शिकायत पर उपायुक्त द्वारा अनुमण्डल दण्डाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को पुलिस के सहयोग से आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। अनगड़ा में शिक्षक नम्रता प्रकाश ऑटिज्म से ग्रसित अपने बच्चे समुचित इलाज के लिए शहरी क्षेत्र में स्थानांतरण की गुहार लेकर जनता दरबार में आयी थीं। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में उपरोक्त के अतिरिक्त भूमि से संबंधित अन्य आवेदन भी जिला वासियों द्वारा दिये गये, जिस पर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अपर समाहर्त्ता को जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया।



## 150 वॉ श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 150 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जो सत बार पाठ कर कोई छुटई बंदी महासुख होई के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजीव सिन्हा व सुजाता सिन्हा ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की। राजीव सिन्हा ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, राजीव सिन्हा, सुजाता सिन्हा, रोहित सिन्हा, नम्रता सिन्हा, श्यामसुंदर जोशी, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए सीपी सिंह



**रांची।** मोरहाबादी स्थित यज्ञा बाबा आश्रम के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन आचार्य श्याम सुंदर शर्मा भारद्वाज ने महायज्ञ मंडप में सभी भक्तों एवं श्रद्धालुओं के साथ मिलकर देव पूजन के साथ साथ घृताधिवास,वस्त्राधिवास विधिवत् मंत्रोच्चार पूजा अर्चना किया। वहीं मंगलवार की शाम में कथा वाचक गया पीठाधीश्वर श्री स्वामी वैंकटेश प्रसन्नाचार्य जी महाराज ने अपने मधुरवाणी से भागवत की महिमा को सुनाई। रांची विधायक सीपी सिंह भी उपस्थित थे।

## 'कैसे जिऊंगा मैं' नाटक का हुआ मंचन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड फिल्म मां थिएटर अकादमी के प्रांगण में स्थित स्टूडियो थिएटर में एकल नाटक 'कैसे जिऊंगा मैं' का सफल मंचन हुआ। नाटक 'कैसे जिऊंगा मैं' एक विचारोत्तेजक और भावनात्मक प्रस्तुति है जो जीवन के अर्थ और उद्देश्य के बारे में सवाल उठाती है। नाटक में एक व्यक्ति की कहानी है जो बचपन से अंधा है और 60 साल की उम्र में उसकी आंखों का ऑपरेशन होता है, लेकिन जब उसे दिखाई देने लगता है, तो वह दुखी हो जाता है क्योंकि वह अब अपने पुराने जीवन को नहीं जी सकता। नाटक की प्रस्तुति में अभिनय, प्रकाश व्यवस्था, और संगीत का अच्छा समन्वय था। मलय मिश्रा का निर्देशन और अभिनय दोनों ही सराहनीय थे। नाटक का कथासार और संवाद प्रभावी थे और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करते थे। संगीत संयोजन की जिम्मेदारी अमित कुमार राज ने संभाली जबकि प्रकाश व्यवस्था शोभित अमन ने संभाली। मंच का संचालन अंशु अग्रवाल ने किया।

## लखिकांत मुतरुआर की 86 वीं जयंती मनी

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुड़मालि विभाग में कुड़मालि साहित्यकार लखिकांत मुतरुआर की 86 वीं जयंती मंगलवार को मनाई गई। इस जन्म जयंती के अध्यक्षता जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के समन्वयक एवं खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिनोद कुमार ने की। उन्होंने कहा कि लखिकांत मुतरुआर को कुड़मालि भाषा साहित्य जगत में पुरोधा थे। लखिकांत व्यक्तित्व के धनी थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुड़मालि कवि एवं साहित्यकार रतन कुमार महतो ने लखिकांत बाबु के अंदर छिपे भाषा वैज्ञानिक, जाति वैज्ञानिक, साहित्य प्रेमी भाव को अपने शब्दों में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लखिकांत मुतरुआर के नेतृत्व में झारखंड में सर्वप्रथम कुड़मालि भाषा की पढ़ाई एक विषय की भांति रांची विश्वविद्यालय में 1980-82 में शुरू हुई है।

## विश्व पृथ्वी दिवस प्रकृति के प्रति जागरूकता का प्रतीक : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और पृथ्वी की रक्षा के प्रति वैश्विक जागरूकता फैलाना है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि पृथ्वी हमारी जीवनरेखा है और इसकी देखभाल हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विश्व पृथ्वी दिवस की शुरूआत 1970 में अमेरिका में की गई थी। उस समय पर्यावरणीय संकट जैसे औद्योगिक प्रदूषण, तेल रिसाव, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस दिन की नींव रखी गई। इसकी प्रेरणा अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन द्वारा दी गई थी और पहले ही वर्ष में लगभग 2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों ने इसमें भाग लिया। तब से यह दिन एक वैश्विक आंदोलन में परिवर्तित हो चुका है और आज 190 से अधिक देशों में इसे मनाया जाता है। हर वर्ष इस दिवस की एक विशेष थीम होती है, जो पर्यावरणीय समस्याओं की ओर ध्यान खींचने का कार्य करती है।इस वर्ष 2025 की थीम है हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य जो सतत विकास और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देती है।

## रिम्स के सीटीवीएस विभाग में 75 वर्षीय महिला की हुई सफल ओपन हार्ट सर्जरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रिम्स के सीटीवीएस विभाग में 75 वर्षीय महिला की सफल ओपन हार्ट सर्जरी की गई। महिला का माइट्रल वाल्व खराब हो गया था जिसे चिकित्सकीय भाषा में कठोर-अपक्षयी गंभीर माइट्रल स्टेनोसिस कहते हैं। मरीज को पिछले कुछ सालों से सांस फूलने, पैर में सूजन होने और धड़कन तेज होने की शिकायत थी। मरीज के इकोकार्डियोग्राफी व कार्डियक सीटी में इस बीमारी की पुष्टि हुई। कठोर-अपक्षयी गंभीर माइट्रल स्टेनोसिस में माइट्रल वाल्व डी जेनरेटिव प्रक्रिया की वजह से सिकुड़ने लगते हैं, वाल्व लीफलेट और आसपास के टिश्यू मोटे एवं सख्त होने लगते हैं। खराब वाल्व में कैल्शियम जल्दी जम जाता है व उम्र के साथ साथ और खराब हो जाता है। इस बीमारी का इलाज मुश्किल होता है क्योंकि कैल्शियम निकालते और खराब वॉल्व को बदलने के समय हार्ट ब्लॉक का खतरा होता है। साथ ही इस स्थिति में बाएं परिकोष्ठ से बाएं निलय में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है और सांस लेने में कठिनाई, थकान और अनियमित हृदयगति जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। सीटीवीएस के चिकित्सकों द्वारा सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी करके मरीज के दिल के माइट्रल वाल्व को बदल दिया गया। उसकी जगह जैविक ऊतक वाल्व लगाया गया है जो प्राकृतिक वॉल्व की तरह होते हैं और ऑपरेशन के बाद मरीज को दवा खाने की जरूरत नहीं होती है। मरीज का आयुष्मान योजना के तहत इलाज किया गया और अमृत फामेर्सी से ओपन हार्ट सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री मंगवाई गयी। टिश्यू वाल्व की कीमत ज्यादा होती है और जर्मनी में बने इस वॉल्व की कीमत करीब दो लाख रुपये होती है। परन्तु रिम्स में यह सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क की गई है। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में सुधार है और जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। मौके पर सर्जरी टीम का नेतृत्व सीटीवीएस विभाग के डॉ. राकेश चौधरी ने किया।

### आज / कल




## मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक 24 को महाराजा अग्रसेन भवन में

**रांची।** झारखंड प्रान्तीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक गुरुवार को 11.30 बजे, स्थानीय अग्रसेन भवन में आहूत की गई है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की जाएगी।27 अप्रैल को होने वाले झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव के लिए धनबाद जिले में होने वाले पुनर्मतदान से संबंधित विस्तृत चर्चा एवं महत्वपूर्ण सुझाव, चुनाव को लेकर पूरे प्रान्त में व्याप्त असंतोष एवं तनाव को कैसे समाप्त किया जाए पर विस्तृत से चर्चा होगी। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय पदाधिकारियों के अनुमति से अन्यान्य बिंदुओं पर चर्चा किया जाएगा। उन्होंने सबो से आग्रह किया है कि अपने व्यस्तम दिनचर्या में से समय निकालकर इस महत्वपूर्ण बैठक में अपनी मार्गदर्शन एवं बहुमूल्य सुझाव दे।उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## एक महीने के अंदर रिम्स में बदलाव और विकास दिखेगा : रिम्स निदेशक


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● रिम्स की विद्यार्थी रही हूं और काम भी किया है

राज्य सरकार ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग के एचओडी सह प्राध्यापक डॉ. शशि बाला सिंह को प्रभारी निदेशक बनाया है। रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा डॉ राजकुमार के निदेशक पद से हटाए जाने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। निदेशक पद पर उन्हें यह अस्थायी प्रभार स्थायी नियुक्ति या छह माह (जो भी न्यूनतम हो) की अवधि के लिए दिया गया है। उनके निदेशक बनने के बाद से विभागीय सक्रियता बढ़ी है। मंगलवार को राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स निदेशक डॉ. शशि बाला सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि यहां की विद्यार्थी रही हूं और यहां काम भी किया है। रिम्स की सभी बारिकियों से बखूबी वाकिफ हूं। कौन किस क्षेत्र में विशेषज्ञ मुझे जानकारी है उसी के अनुसार कार्यों की रूपरेखा तैयार करती हूं। रिम्स में सबसे बेहतर व्यवस्था किस प्रकार बहाल हो कि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए प्रतिदिन सभी के साथ समीक्षा बैठक करती हूं। एक महीने के अंदर रिम्स में बदलाव और विकास दिखेगा।

## दंत इम्प्लांट करने वाला सदर अस्पताल बना पहला जिला अस्पताल



**रांची।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन ने बताया कि रांची का सदर अस्पताल झारखंड का पहला जिला अस्पताल है जो दंत इम्प्लांट सेवाएं प्रदान कर रहा है, जो कुछ मेडिकल कॉलेजों को भी पीछे छोड़ रहा है।सदर अस्पताल में एडेंटुलस मरीज के लिए तीन तत्काल दंत इम्प्लांट किए गए, जो अस्पताल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि डॉ. रवि राज, एक एमडीएस विशेषज्ञ, इम्प्लांट करने में अपनी विशेषज्ञता के लिए विशेष उल्लेख के पात्र हैं। दंत इम्प्लांट के लिए समर्पित विंग का आगामी उद्घाटन रोगी देखभाल को और बेहतर बनाएगा। अन्यत्र दंत इम्प्लांट महंगे हो सकते हैं, जिनकी कीमत ?30,000 से ?80,000 प्रति दांत तक हो सकती है। इस सेवा को नाममात्र की लागत पर पेश करना समुदाय के लिए बहुत फायदेमंद होगा।



## एक नजर

### रेलवे यूथ ने 2 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम में रेलवे यूथ बनाम यूनाइट सीसी के बीच खेला गया। यूनाईटेड सीसी ने 37.4 ओवर में 10 विकेट पर 193 रन बनाया। अभिनव ने 54, मोद्दसर ने 34, ऋषव ने 30 रन बनाए। वहीं ऋत्विक व अमर ने 3 व आकाशदीप ने 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी रेलवे यूथ ने 36.4 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाया। अमर ने 44, सुधांशु ने 37, हर्ष ने 28, शुभम ने 28 रन बनाया। मोद्दासर ने 5 व मेहताब ने 1 रन बनाया। रेलवे यूथ ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।

### नवभारत सीसी 3 विकेट से जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में नवभारत सीसी बनाम क्लासिक सीसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्लासिक सीसी ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाया। आशीष ने 43 व रौनक ने 42 रन बनाया। रणधीर ने 4 व बबलू ने 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी नवभारत सीसी ने 28.5 ओवर में सात विकेट पर 184 रन बनाया।

### ओरमांझी सीए ने 5 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोल चक्कर मैदान में रॉकमेन्स रेड बनाम ओरमांझी सीए के बीच खेला गया। रॉकमेन्स रेड ने 34 ओवर में 10 विकेट पर 180 रन बनाया। अमर ने 43, मनीष ने 31 व सुशील ने 21 रन बनाया। भुनेश्वर महतो ने 5 व अनार ने 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ओरमांझी सीए ने 28.5 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाया। मिहिर ने 84, रविन्द्र ने 37 व भुनेश्वर ने 21 रन बनाया।

### जेके इंटरनेशनल ने मैच 6 विकेट से जीता



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में टाटीसिलवे बी बनाम जेके इंटरनेशनल के बीच खेला गया। टाटीसिलवे बी ने 15 ओवर में 10 विकेट पर 57 रन बनाया। विशेष ने 17 व सुमित ने 14 रन बनाया। आलोक ने 5, यश ने 4 व आदर्श ने 1 विकेट लिया। जेके इंटरनेशनल ने 10.1 ओवर में चार विकेट पर 58 रन बनाया। आलोक शर्मा ने 21 व रे सनी ने 11 रन बनाया। सुमित ने 2 व मुन्ना ने 1 विकेट लिया। जेके इंटरनेशनल ने मैच 6 विकेट से जीता।

पौष्टिक व संतुलित भोजन से शरीर मस्तिष्क स्वच्छ रहता है

# विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई क्विज प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पोषण पखवाड़ा मनाया गया। वर्ग शिक्षिका रीता के मार्गदर्शन में कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इसमें पोषण संबंधी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अंकुरित चना, मूंग, खीरा, केला, अंगूर, अनार, नारंगी, संतरा आदि से सलाद तैयार किया, जिसका सभी ने मिलकर आनंद उठाया। वहीं विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस भी मनाया गया। जिसमें कक्षा नौ के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षक विशाल शर्मा ने होस्ट की भूमिका निभाते हुए पांच राउंड में इसे समाप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फादर जान लैंबर्ट्स हाउस, द्वितीय स्थान पर संत उसुर्ला हाउस व तृतीय स्थान पर संत जेवियर हाउस रहे। प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुएल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को सदा पौष्टिक एवं संतुलित भोजन करना चाहिए। जंक फुड से हमेशा दूर रहें तथा प्रतिदिन कसरत करें। इससे शरीर व मस्तिष्क स्वच्छ रहता है तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई में फोकस करने में मदद मिलती है। उन्होंने कक्षा नौ के विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी हम पर ही है। प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने चाहिए क्योंकि वृक्ष ही जीवन है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

16 मई को अंचलाधिकारी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान

# बेड़ो सीओ को तत्काल बर्खास्त किया जाए : पाड़हा बेल

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह पाड़हा जतरा टांड़ में मंगलवार को 12 पडहा बेल जामटोली के विशाल उरांव की अध्यक्षता में पाड़हा राजाओं की बैठक आयोजित हुई बारीडीह में आयोजित बैठक के दौरान जतरु उरांव ग्राम केशा के पुरखौती जमीन जिसके कई हिस्सेदार है उनमे से एक भाई गोतिया मांगा उरांव पिता स्व. बंधना उरांव का पुत्र नहीं है उनका सिर्फ पुत्रियां है उन्होने आदिवासी दस्तुर एवं कानून के खिलाफ जा कर अपनी बेटियों के नाम अपने हिस्से की जमीन को लिखने के लिए परमिशन आवेदन दिया है, जिसका जांच रिपोर्ट सीओ बेडो को देना है, इस रिपोर्ट की जानकारी गोतिया को होने पर गोतिया जतरु उरांव वगैरह स्वयं एवं सामाजिक अगुवाओ के साथ सीओ बेड़ो को आपत्ति आवेदन दिया। आपत्ति आवेदन देने पर सीओ बेड़ो ने जतरु उरांव एवं समाज के बेल दिवान को धमकी देकर कहा कि हम बेटियों को जमीन देंगे और पड़हा के बेल दिवान को देख लेंगे, ये बातें सुनकर रांची जिला, लोहरदगा जिला, लातेहार जिला एवं गुमला जिला से सभी पाड़हा बेल दीवान का जूटान बारीडीह में हुआ जिसमे सभी लोग काफी आक्रोशित थे और सभी ने अपने अपने विचार रखें। सभी ने सर्वसम्मति से एवं एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया कि सांसद एवं विधायक तत्काल प्रभाव से इस मामले की जांच कर कार्रवाई करते हुए अंचल पदाधिकारी बेड़ो को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें और 16 मई 2025 दिन शुक्रवार को बेडो अंचल अधिकारी का घेराव एवं अनिश्चित कालीन तालाबंदी किया जाएगा ।

## न्यूज | बॉक्स

### तमाड़ प्रखंड कार्यालय में पेयजल संकट



**तमाड़।** प्रखंड कार्यलय मे पेयजल का घोर संकट है। 23 पंचायत के हजारों लोगों का प्रतिदिन कार्यालय आना जाना है लेकिन कर्यालय परिसर मे पिने की पानी का कई व्यवस्था नहीं है। दिखावा के लिए आरओ मशीन लगी है लेकिन उसमें एक बूंद भी पानी की उम्मीद नहीं है। हर रोज लोग पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं। कार्यालय परिसर मे एक प्याऊ का भी निर्माण कराया गया है जिसमे पानी एक बूंद भी नहीं मिलता है। सिर्फ कार्यालय का शोभा बढ़ाने मात्र है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह तमाड़ संयोजक प्रभारी हीरालाल दास ने कार्यालय परिसर मे अबिलम्ब पेयजल की व्यवस्था करने की मांग अधिकारियों से की।

### अंडर 14 फुटबॉल टीम के लिए ममता व आलोक का हुआ चयन



**रांची।** सीएम एक्सीलेंस स्कूल कांके के दो छात्र अंडर 14 फुटबॉल टीम एसजीएफआई के लिए झारखंड टीम में चयन हुआ है। ममता कुमारी कक्षा 10 एवं कक्षा नौवीं का छात्र आलोक मुंडा का चयन अंडर 14 झारखंड फुटबॉल टीम में किया गया। जो आगामी 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक कोल्हापुर महाराष्ट्र मैं खेला जाएगा । इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि सीएम एक्सीलेंस के बच्चों को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है इसके चयन से विद्यालय के प्राचार्य आनंद मिश्रा एवं विद्यालय के कई शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसकी जानकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक प्रवीण कुमार ने दी।

### जेएफसी तमाड़ ने एनवाईवीसी जोजोडीह को 3-0 से किया पराजित



**तमाड़।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन तमाड़ द्वारा आयोजित बहुचर्चित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का 22वां मैच जेएफसी तमाड़ और एनवाईवीसी जोजोडीह के बीच जीएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। दोनों टीम बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इसी बीच मुंडा और समीर उरांव, बीरबल और सुखराम मुंडा द्वारा शानदार एक-एक मैदानी गोल मारकर स्कोर को 3- 0 का अंतर से टीम को जीत दिलाया। एनवाइवीसी स्कोर बराबरी करने का लगातार प्रयास किया लेकिन जेएफसीके मजबूत रक्षा पंतियों ने उनके प्रयास सफल होने नहीं दिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार समीर को मुखिया हरीश चंद्र मुंडा और रमेश मुंडा ने सम्मानित किया ।मैच का संचालन करम मुंडा, गखेन मुंडा और रामेश्वर मुंडा ने किय। ग्रुप बी लीग का 22वां मैच. 28 अप्रैल को जबाज ब्रदर्स और परासी एफ सी के बीच खेला जायेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, , उपसचिव करम मुंडा, कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, परिमल नायक,विवेक गुप्ता,लक्ष्मी कुमारी, चांदनी कुमारी, सरिता कुमारी प्रमिला कुमारी, संन्योती कुमारी, मोनिका कुमारी शकुंतला कुमारी, जीविका कुमारी और तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### जीजीएसपीएस स्कूल में मनाया गया अर्थ डे



**रांची।** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। अर्थ डे 2025 विषय पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया जिसमें कक्षा चौथी से आठवीं तक के बच्चे शामिल थे। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी प्रतिज्ञा, संवेदी चाल, हिन्दी - अंग्रेजी नारा, कविता, हिन्दी प्रतिज्ञा, पक्षी को खाना खिलाना, शब्द खेल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अंग्रेजी प्रतिज्ञा से हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के महत्व पर जोर देना, पर्यावरण की रक्षा करना, ऊर्जा की बचत, पानी की बचत , पर्यावरण को स्वच्छ रखना था। मौके पर स्कूल की प्राचार्या शालिनी विजय ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा मिलती है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बुढ़मू।** प्रखंड सभागार में विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा के पीएलवी अनिल ठाकुर और सादिक अली ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना है। वहीं प्रखंड परिसर में पृथ्वी दिवस को सफल बनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार, नील कुमार, कमल उरांव, शहबाज ने डालसा पीएलवी अनिल ठाकुर, सदीक अली, संजू कुमारी के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान डालसा के पीएलवी सदीक अली के द्वारा बताया गया कि अगामी 10 मई को रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। जिसमें वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क और सुलभ करा सकते हैं। इससे धन और समय की बचत होगी।

### संजय सेठ सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का करेंगे दौरा



**सिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठसिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सिंगपुर में एक राष्ट्र एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी। उन्होंने बताया कि दौरा के क्रम में सिल्ली स्थित साहेबबांध का निरीक्षण भी करेंगे साथ ही मांगलिक कार्यों में शामिल होंगे।

### पहलगाम आतंकी हमला: इंसानियत को झकझोर देने वाली त्रासदी : दीपिका पांडेय सिंह



**रांची।** पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से मन गहरे शोक और आक्रोश से भरा हुआ है। यह हमला केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि हमारे समाज, हमारी इंसानियत और हमारे साझा मूल्यों पर सीधा वार है। जो लोग छुट्टियां मनाने, सुकून के कुछ पल जीने पहलगाम पहुंचे थे, उन्हें इस क्रूरता का शिकार बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। इस निर्मम हमले में जान गंवाने वालों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में मैं पूरे दिल से शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ी हूँ। यह एक ऐसा जख्म है जिसे शब्दों से नहीं भरा जा सकता। मैं केंद्र सरकार से अपील करती हूं कि इस घिनौने कृत्य में शामिल आतंकियों को तत्काल पकड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस देश की हर नागरिक को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

# महिलाएं हो रही हैं सबल : मंत्री




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन , आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों को मुआवजा , ओलावृष्टि से नुकसान का मुआवजा , बिरसा हरित ग्राम योजना सहित विभिन्न योजनाओं के तहत चेक का वितरण किया। प्रखंड कार्यालय के जे एस एल पी एस सभागार में 36 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इसके अलावा आपदा राहत कोष , सड़क दुर्घटना के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया। वही मांडर में 40 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कथन को आज याद रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा था समाज का विकास उस समाज में महिलाओं की स्थिति से परखा जाता है । आज झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं सबल हो रही है। राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के लिए सम्मान के तौर पर है । कल्याण विभाग के सौजन्य से सिलाई मशीन के वितरण को गंभीरता से लेने की जरूरत है। महिलाएं बेहतर ट्रेनिंग के साथ सहकारी समिति से जुड़ कर अपना भविष्य खुद संवार सकती है। समाज में कई मौके ऐसे आते है जब महिलाएं सामूहिक रूप से काम करते हुए पैसे कमा सकती है। वही बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया मो इश्तियाक , शिव उरांव , अब्दुल्ला अंसारी , यास्मीन , सरिता देवी , अजीत सिंह , दिलीप सिंह , जमिल मल्लिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पोप फ्रांसिस के निधन पर सुदेश महतो ने जताया शोक



**रांची।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन की सूचना अत्यंत दुखद है। उनकी करुणा, सेवा और आध्यात्मिक नेतृत्व ने विश्वभर में लोगों को प्रेरित किया। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने कहा कि पोप फ्रांसिस की विरासत हमेशा याद रखी जाएगी। उनके अनुयायियों और विश्वभर के लोगों के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। सुदेश महतो ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके अनुयायियों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें।

कुमकुम, साक्षी व चंचल के गणित मॉडल्स बेहतर

# गणित व कला प्रदर्शनी का परिणाम किया गया घोषित



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी में पिछले दिनों हुए गणित सह कला व शिल्प प्रदर्शनी में बेहतर माडल का परिणाम घोषित किया गया। विशेष अतिथियों ने माडल का सूक्ष्म निरीक्षण किया था। गणित प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से पांचवी वर्ग समूह में सूर्यवंशी वर्मा (एंगल्स), हर्षित रश्मि (मेजरमेंट), आरव राज (मेजरमेंट) तथा निखिल कुमार (कैलेंडर), कक्षा छठी से आठवीं वर्ग के समूह में सृष्टि कुमारी (डिवीजन मशीन), तेज प्रताप (टाइप्स आफ ग्राफ), मयंक कुमार (इवन आड नंबर) तथा मुदस्सिर हसन (3डी शेप्स) तथा कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग के समूह में कुमकुम यादव (मैथ्स एज ए फन) साक्षी कुमारी (अलजेब्रिक आईडेंटिटी) चंचल कुमारी (त्रिकोणमिति पार्क) ने अपने माडल्स के द्वारा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, तथा चतुर्थ स्थान अर्जित किया। वहीं कला तथा शिल्प प्रदर्शनी में दो अलग रूपों में परिणाम घोषित किए गए।

# मकर राशि के छठे भाव में बृहस्पति रहेंगे




**मकर राशि :** मकर राशि के छठे भाव में बृहस्पति रहेंगे और इस राशि के तीसरे और बारहवें भाव के स्वारमी बृहस्प ति हैं। इस समय आपको अप्रत्या शित आय होने के संकेत हैं। बृहस्पमति के अतिचारी होने के दौरान लोन लेना भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। आप अपने काम में अधिक रुचि लेंगे और सेवा भावना से प्रेरित होकर काम कर सकते हैं जिससे आपको संतुष्टि महसूस होगी। हालांकि, अगर आप बिजनेस करते हैं, तो आपको इस समय अपने व्यंवसाय के दायरे को सीमित करने की आवश्यपकता हो सकती है क्योंजकि इस दौरान आपके लिए मुनाफा कमाना कठिन हो सकता है। आपके खर्चों में वृद्धि होने और वित्तीय नुकसान के योग बन रहे हैं जिससे नई जिम्मोदारियों के चलते लोन लेने की जरूरत बढ़ सकती है।

**कुंभ राशि :** बृहस्पाति इस राशि के दूसरे और ग्यारहवें भाव के स्वामी हैं जो कि अब आपके पांचवे भाव में उपस्थित हैं। इससे आपको अनुकूल और लाभकारी परिणाम प्राप्त होंगे। इस समय आप आत्म विश्वास से भरपूर और आशावादी महसूस करेंगे। करियर के मामले में आप अपनी स्थिति से संतुष्ट रहने वाले हैं। इसके अलावा आपको अपने प्रयासों के लिए सराहना और मान्यता मिल सकती है। यदि आप व्यापार करते हैं, तो इस समय आपको सफलता मिलेगी और खासतौर पर ट्रेडिंग और शेयर मार्केट में काम करने वाले लोगों की आय में वृद्धि देखने को मिलेगी। आपकी आमदनी में तेजी से बढ़ोतरी होने के आसार हैं। जैसे-जैसे आप अधिक पैसा बचाने की मानसिकता रखेंगे, वैसे-वैसे आपको अधिक धन कमाने और बचाने के वित्तीय अवसर प्राप्तच होंगे।

**मीन राशि :** मीन राशि के पहले और दसवें भाव के स्वामी बृहस्पति हैं जो कि अब आपके चौथे भाव में हैं। इससे आपको अधिक सुख-सुविधा मिल सकती है। इस समय आप अपने करियर को लेकर अधिक ध्यान केंद्रित रहेंगे। आपको यात्रा करने के अधिक अवसर मिलेंगे और आप शायद स्थानांतरण भी कर सकते हैं। आपका आत्म विश्वास और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता और प्रगति दिला सकती है।

# पल्लवी ने जेईई मेन 2025 में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी से सटे चंदवा (लातेहार) प्रखंड अंतर्गत डुमरो पंचायत के साती टांड़ बैलगाड़ा गांव की पल्लवी कुमारी ने जेईई मेन 2025 परीक्षा में 96.45 पर्सेंटाइल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता पर गांव में हर्ष व गर्व का माहौल है। पल्लवी वर्तमान में डीएवी गांधी नगर (रांची) की छात्रा है। वह डान बास्को एकेडमी, मैकलुस्कीगंज की दसवीं कक्षा की टापर रही थी। पिता रामप्रकाश गोप स्थानीय विद्यालय में पारा शिक्षक हैं। सीमित संसाधनों में भी उन्होंने अपनी बेटी को बेहतर शिक्षा देने का हरसंभव प्रयास किया और पल्लवी ने भी विश्वास को मेहनत से सिद्ध कर दिखाया। पल्लवी की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों ने कहा कि पल्लवी की सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। पल्लवी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व दोस्तों को दिया है। कहा कि वह आगे चलकर एक बेहतरीन इंजीनियर बनना चाहती है और देश के विकास में योगदान देना चाहती हैं। एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि की इस बेटी की सफलता डुमरो पंचायत व चंदवा प्रखंड के लिए गौरव का क्षण है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर समीक्षा बैठक

# आधार सीडिंग के लिए पंचायतवार कैंप लगाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना पदाधिकारी, एलडीएम रांची, नगर निगम के प्रतिनिधि, शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत लाभुकों के भौतिक सत्यापन, सतत अनुश्रवण एवं आधार सीडिंग से संबंधित समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा योजना अंतर्गत जिन लाभुकों का बैंक खाते से आधार सीडिंग नहीं है, उनके लिए कैंप लगाकर आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा और एलडीएम रांची को तिथि निर्धारित कर पंचायतवार शिविर लगाने का निर्देश दिया। इस शिविर में उन लाभुकों का बैंक खाते से आधार सीडिंग की जाएगी, जिन्हें 3 महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए 03 अप्रैल या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को 11 मार्च या उसके पश्चात एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी उनका आधार बैंक खाते से सीड है, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना अंतर्गत लाभुकों के सत्यापन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अब तक जिन लाभुकों का सत्यापन प्रपत्र नहीं मिल पाया है, आंगनबाड़ी सेविका ऐसे लाभुकों की सूची तैयार करें।

# सांसद की अध्यक्षता में समाहरणालय में हुई जिला विकास समन्वय समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। समाहरणालय स्थित सभागार में सांसद कालीचरण मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा से हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर गहन चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक जिले के 450 राजस्व ग्रामों में से 411 को सड़क से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष 39 ग्रामों को जोड़ने की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भी कार्य जारी है। 100 से 250 की जनसंख्या वाले 441 गांवों में से 279 को सड़क योजना से जोड़ दिया गया है और शेष 162 गांवों की सूची विभाग को भेजी जा चुकी है। बोलबा-बेलकुबा-टाकबाहर मार्ग को उड़ीसा सीमा तक चौड़ी करने तथा मजबूत करने की योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि वन विभाग की अनुमति न मिलने के कारण कार्य लंबित है। इसके लिए वन्यजीव संरक्षण योजना तैयार कर भेजी गई है, अनुमति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विद्युत विभाग को सभी टोलों को विद्युतीकरण से जोड़ने तथा जले हुए ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने का निर्देश मिला। बैंकिंग सेवाओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने बानो प्रखंड के बैंक शाखा में अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने और उसे 15 दिनों के भीतर दूसरी इमारत में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। साथ ही बोलबा और कुरडेग में एटीएम सेवा बहाल करने की बात कही गई। बीएसएनएल नेटवर्क की स्थिति पर चर्चा करते हुए नेटवर्क शैडो क्षेत्र में शीघ्र टावर स्थापना का निर्देश दिया गया। आईटीडीए विभाग अंतर्गत आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 254 गांवों के विकास योजना में से 128 का विकास योजना तैयार किया जा चुका है, शेष 126 गांवों की योजना 15 दिन में तैयार कर समर्पित करने का निर्देश मिला। स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, पंचायती राज व आपूर्ति विभागों की गहन समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग को दुग्ध उत्पादन में जिले को अग्रणी बनाने का निर्देश मिला। पंचायत भवनों की स्थिति और गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा आपूर्ति पदाधिकारी को गोदामों का निरीक्षण कर जांच करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक भूषण बाड़ा, विधायक सुदीप गुड़िया, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव, सिविल सर्जन, एलआरडीसी, अन्य अधिकारीगण एवं सभी प्रखंड प्रमुख उपस्थित रहे।

## सड़क चौड़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाएं और आदिवासी कल्याण पर जोर




सिमडेगा-रेंगारी, कोचेडेगा-रामरेखा व कोलेबिरा-बानो-मनोहरपुर सड़क चौड़ीकरण कार्यों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और मुआवज़ा भुगतान की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि संबंधित कार्यालयों को राशि भेज दी गई है और भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। कोलेबिरा-बानो-मनोहरपुर मार्ग के लिए 21 मौजा का 3G पुरस्कार हो चुका है और 1.59 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ योजना के तहत एनएच-143 को गुमला से सिमडेगा-बांसजोर तक 10 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव भेजा गया है। वन प्रमंडल पदाधिकारी को इस संबंध में आवश्यक मंजूरी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने पाकरटांड़ पंचायत के घुंटवारी गांव में खाट पर गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने की घटना का जिक्र करते हुए संवेदना जताई और संबंधित गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने का निर्देश उपायुक्त को दिया। जिले में एंबुलेंस की कमी की बात उठाते हुए सांसद ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेएसएलपीएस और ट्राईफेड के बीच सूचनाओं की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई ताकि स्वयं सहायता समूहों को समय पर लाभ मिल सके। कृषि विभाग से बीज और सहकारिता विभाग से वितरित खाद की लाभुक सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण विभाग से तालाबों की अद्यतन सूची भी मांगी गई। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में जल संकट की समस्या न हो, इसके लिए खराब जलमीनारों और चापाकलों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के सात प्रखंडों के 28 गांवों में 320 आदिम जनजाति परिवारों में से 193 को बिरसा आवास योजना से जोड़ा गया है, शेष को पीएम जनमन योजना के तहत जोड़ा जाएगा। सांसद ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी आदिम जनजातीय परिवार बिजली, पानी और आवास से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए सात जर्जर विद्यालय भवन निर्माण प्रस्ताव की समीक्षा की गई।

# बीडीओ बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज समेत प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं की पंचायतवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों के सर्वे को शीघ्र पूर्ण करने और लंबित तथा अधूरे पड़े अबुआ आवास योजना के लाभुकों से संपर्क कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। वर्तमान में चल रहे आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु सभी पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिए गए। मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण कार्य, बागवानी योजना में इंटरक्रॉपिंग, साफ-सफाई, एच टेका और नए बागवानी योजनाओं के चयन पर भी विशेष जोर दिया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत जिला से प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप सभी पंचायतों में योजना स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं में अधिकतम मानव दिवस सृजन करने, लंबित योजनाओं को जल्द पूर्ण कर अभिलेख बंद करने तथा कार्य में लापरवाही या उदासीनता पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं में गति लाना सभी कर्मियों की जिम्मेदारी है, जिसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पंचायत सचिवों व रोजगार सेवकों को निर्देशित किया गया कि वे मनरेगा संचालित योजनाओं में तेजी लाएं और 15 दिनों के भीतर उन लाभुकों से ढलाई कार्य पूरा कराएं जिनका कार्य अभी लंबित है।

# चार साल से अधूरे पड़े जलमीनार को संवेदक ने 24 घंटे में किया ठीक

आलोक कुमार साहू




जलडेगा। प्रखंड के परबा पंचायत अंतर्गत तुरतुरी टोली के ग्रामीणों को अब चुवाँ का गंदा पानी नहीं पीना पड़ेगा। दैनिक अखबार राष्ट्रीय नवीन मेल में खबर छपने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा ने मामले को गंभीरता से लिया। जिसके बाद संवेदक जय मां कंस्ट्रक्शन ने पिछेल चार साल से अधूरा पड़ा जलमीनार को 24 घंटे में ही ठीक कर दिया। अब गांव के लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं होगा। जय मां कंस्ट्रक्शन के मुंशी ने बताया कि घरों तक पानी सप्लाई भी चालू करा दिया गया है। 4 से 5 घरों में प्रेशर कम होने के कारण पानी नहीं पहुंच रहा है, जिसपर हम लोग काम कर रहे हैं। एक सप्ताह के अंदर सब के घरों तक पानी पहुंच जाएगा। इधर लोगों को पानी मिलने पर टोली के ग्रामीण खुश हैं। उनकी समस्याओं को प्रमुखता के साथ छापकर प्रशासन तक पहुंचाने के कारण ग्रामीणों ने राष्ट्रीय नवीन मेल को धन्यवाद कहा है।

## क्या था मामला

परबा पंचायत के तुरतुरी टोली में जलापूर्ति के नाम पर लाखों खर्च के बाद भी लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा था। यहां पिछले चार वर्षों से जलमीनार का कार्य अधर पर लटका हुआ था। पीएचईडी विभाग की उदासीनता और संवेदक जय मां कंस्ट्रक्शन की लापरवाही का खामियाजा तुरतुरी टोली के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा था। गांव के नोवेल होरो, निमन जॉन होरो, नेलसन होरो, नमजन होरो, बसंती होरो, सुखमनी होरो, सुमंति होरो, एसरान्ति होरो, कलावती देवी आदि ग्रामीणों ने जलडेगा ग्रामीण समाचार को बताया था कि गांव के लोग खेत में बने चुवाँ का गंदा पानी पीने को मजबूर है इसके लिए उन्हें लगभग आधा किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। चार साल से बन रहे इस जलमीनार को पूरा कराने के लिए ग्रामीण प्रखंड प्रशासन, जनता दरबार सहित जय मां कंस्ट्रक्शन के मुंशी से कई बात आग्रह किया था लेकिन अब तक उनकी किसी ने नहीं सुनी थी। जलमीनार निर्माण के नाम पर सिर्फ स्ट्रेक्चर और टंकी चढ़ाया गया था।

# सदर अस्पताल में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




सिमडेगा। सदर अस्पताल परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से फायर सेफ्टी को लेकर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों और आम लोगों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और तत्परता से प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करना था। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के पप्पू कुमार राय एवं महबूब अंसारी उपस्थित रहे। अग्निशमन दल ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टर, नर्स, सुरक्षाकर्मी और अन्य स्टाफ पूरी तत्परता के साथ मॉक ड्रिल में शामिल हुए। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर नियंत्रण पाने की तकनीकों का प्रदर्शन किया और बताया कि किस प्रकार समय रहते आग पर काबू पाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन अधिकारियों ने फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी और कहा कि इस तरह के मॉक ड्रिल समय-समय पर होने चाहिए ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने में कोई परेशानी न हो। लोगों ने इस पहल की सराहना की और सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार हॉस्पिटल मैनेजर अलका कुल्लू सहित सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित रही।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला व पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन

बांसजोर। प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार की देखरेख में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी हेतु विशेषज्ञ चिकित्स्कों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में 32 महिलाओं ने बंध्याकरण के लिए अपना पंजीकरण कराया जिसमें 22 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने कहा की यह शिविर हमारे स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करना एवं उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान करना है।

# झुंकाछपर के ब्रह्मचारी युधिष्ठिर ने 10वीं में 93.2% अंक प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। जिला के कुरडेग प्रखंड अंतर्गत झुंकाछपर गांव निवासी ब्रह्मचारी युधिष्ठिर राम यादव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड, हरिद्वार द्वारा आयोजित 10वीं की परीक्षा में 93.2% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। युधिष्ठिर पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार में अध्ययनरत हैं और योग गुरु स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। युधिष्ठिर ने चौथी कक्षा तक की पढ़ाई आनंद मार्ग स्कूल, सिमडेगा से पूरी की थी। इसके पश्चात उन्होंने पांचवीं कक्षा में पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार में प्रवेश लिया। वे योग शिक्षक एवं समाजसेवी घनश्याम राम और संजुक्ता देवी के सुपुत्र हैं। उनकी इस शानदार सफलता पर जिले भर में हर्ष का माहौल है। विभिन्न शिक्षकों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। युधिष्ठिर की यह उपलब्धि जिले के साथ-साथ राज्य के लिए भी गर्व की बात है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाने में जुटा 10 केंद्रों में दिया लर्निंग कॉर्नर किट



नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। मंगलवार को जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में लीड्स संस्था के द्वारा लक्षित दस आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के हाथों आंगनबाड़ी लर्निंग कॉर्नर किट का वितरण किया गया। किट में कुल 14 प्रकार की आवश्यक शिक्षण एवं खेलने की सामग्री शामिल थी, जैसे कि हिंदी वर्णमाला, अल्फाबेट चार्ट, नंबर चार्ट, दरी, फ्लाइंग डीस, स्लेट, चॉक, बॉल, रेनबो जुंबो बीड्स, बिल्डिंग ब्लॉक्स, वेजिटेबल सेट, फ्रूट्स सेट, टेडी रिंग और बैग शामिल है। लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्यवक आलोक कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों को खेल के साथ - साथ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने, आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थिति बढ़ाने में मदद करना है। जिससे हर बच्चे के लिए एक अधिक सहज शैक्षिक अनुभव संभव हो सके। उन्होंने बताया कि लीड्स संस्था 24 आंगनबाड़ी को मॉडल बनाने के लिए काम कर रही है। वहीं बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड में हक अधिकार के साथ - साथ प्रखंड में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, अच्छों को स्कूल और आंगनबाड़ी से जोड़ने और आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल बनाने के लिए काम कर रही लीड्स संस्था के कार्यों को सराहा और इसी तरह प्रखंड के साथ समन्वय बनाकर एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही।

# श्री राम जानकी मंदिर का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। नवयुवक संघ द्वारा श्री राम जानकी मंदिर बाबा अखाड़ा का 21वां स्थापना दिवस सम्मान समारोह भव्य रूप से मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक संगठन के पदाधिकारी, गणमान्य अतिथि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिसमे अशोक जैन, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव पवन जैन ,डीडी सिंह, आकाश सिंह रामनवमी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा,कृष्णा शर्मा ओमप्रकाश शर्मा श्यामलाल शर्मा आदि ने सबसे पहले दीप जलाकर हनुमान चालीसा झंडा पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्रारंभ से जुड़े सभी सदस्यों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मंच पर उपस्थित अतिथियों को तलवार एवं अंग वस्त्र देकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वक्ताओं ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी से संगठित और जागरूक रहने की अपील की। बाबा अखाड़ा की सामाजिक एवं धार्मिक भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया गया कि यह अखाड़ा हर वर्ष रामनवमी पर भव्य झांकी एवं खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेता है। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ सहित कई धार्मिक गतिविधियों का आयोजन भी करता है। जिसका सफलतापूर्वक 21 साल पूरा हुआ। स्थानीय लोगों ने समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक भोज के साथ किया गया। यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

# विधायक सुदीप गुड़िया का कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मंगलवार को सिमडेगा परिसदन में आयोजित विशेष जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे। बैठक में शामिल होने से पूर्व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। विधायक सुदीप गुड़िया का स्वागत करने के लिए जिले के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता परिसदन परिसर में मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया और जिले की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। स्वागत करने वालों में झामुमो जिला सचिव सफीक खान, केन्द्रीय सदस्य मो. इरशाद, सुनील खेश, प्रोफुलित डुंगडुंग, वरिष्ठ नेता जाफर खान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, साबिर अंसारी, मो. बबलू उर्फ सिराजुद्दीन, बानो प्रखंड सचिव अमित बेंडिंग, उपाध्यक्ष मो. तनवीर हुसैन, मनीष कुमार साहू, नगर अध्यक्ष मो. अनस अलम, नगर उपाध्यक्ष मो. इकबाल, बीरबल महतो, किशोर केरकेट्टा, नगर कोषाध्यक्ष कामिल कुल्लू, प्रखंड सचिव मिन्हाज राजन, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष बिनोद तिर्की, मिन्हाज अलम, बसंत, अमजद ओहदार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सदर अस्पताल सिमडेगा के पैनल रूम में लगी आग, 40 बैटरियां जलकर राख



सिमडेगा। सदर अस्पताल सिमडेगा के पैनल रूम में सोमवार रात करीब 9:40 बजे आग लगने की घटना सामने आई। आग लगने के कारण पैनल रूम में रखी करीब 40 नई बैटरियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। बताया जा रहा है कि ये बैटरियां महज 15 दिन पहले ही लगाई गई थीं। अनुमान के मुताबिक इस हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। अस्पताल में कार्यरत कर्मियों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पर नियंत्रण पाया जा चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण पैनल रूम में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इधर बैटरी के जल जाने से अब वहां पर बिजली कट जाने से इनवर्टर की सुविधा से लोगों को वंचित होना पड़ेगा।

### सांसद कालीचरण मुंडा ने किया ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय दौरा



ठेठईटांगर। प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को सांसद कालीचरण मुंडा का दौरा हुआ, जहाँ उन्होंने नवनिर्मित जिम का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सांसद ने मुख्यालय चौक पर रुक कर आम जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। लोगों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन पर सांसद ने संबंधित विभागों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। सांसद कालीचरण मुंडा ने लोगों से क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग की अपील की और कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने जिम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अमित डुँग डुँग, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, कांग्रेस जिला सचिव विपिन पंकज मिंज, मोहम्मद कारू, मोहम्मद कयूम सहित कई स्थानीय नेता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस व पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

सिमडेगा। डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस और पोषण पखवाड़ा का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मंच पर नाट्य रूपांतरण और संदेशों के माध्यम से दर्शकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी हमारी मां के समान है और इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बच्चों ने बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और हरियाली की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया। पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों ने संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि मानसिक व शारीरिक विकास के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार आवश्यक है। उन्होंने लोगों से संतुलित आहार अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया और बच्चों को पृथ्वी की सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा सहित समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अधिवक्ताओं के प्रेरणादायक विचारों के लिए आभार जताया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

### पीएम आवास और अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड स्तर पर विशेष समीक्षा बैठक

बानो। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना को लेकर विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ चारू मांझी एवं आवास कोऑर्डिनेटर नितेश साहू ने की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में मनरेगा से डीमांड भेजने का निर्देश दिया गया। वहीं बागवानी योजना में लक्ष्यानुसार चयन कर इंटरक्रॉपिंग, साफ-सफाई, एच टेका और नए बागवानी योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया। लंबित आम बागवानी कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही गई। साथ ही अबुआ आवास योजना के लंबित मामलों की सूची तैयार कर डीमांड भेजने और निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि पीएम आवास और अबुआ आवास के अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाए। मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर अभिलेख बंद करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जेई अमरेश कुमार, राजा कुजूर, अली अख्तर, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, आवास मित्र, पंचायत सहायक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### सिमडेगा सदर अस्पताल में 18 हज जायरीनों को किया वैक्सीन व स्वास्थ्य जांच

सिमडेगा। सदर अस्पताल के सभागार में मंगलवार को हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच और वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 18 जायरीनों को आवश्यक वैक्सीन दी गई और उनकी स्वास्थ्य जांच की गई, ताकि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और सुरक्षित रहें। इस अवसर पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजेश कुमार मौजूद रहे। अल फलाह सोसायटी के अध्यक्ष खुबैब शाहिद, अजीमुल्ला अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को बीमारियों से बचाना और उनके स्वास्थ्य की पूर्ण जांच सुनिश्चित करना था। जिन जायरीनों को वैक्सीन दी गई, उनमें हाजी मोहम्मद फारूक, आशिया फारूक, मोहम्मद असलम अंसारी, नेइमा खातून, मोहम्मद मंजर हुसैन, नर्गिस परवीन, मोहम्मद सुफियान परवेज, जुलेखा परवीन, मोहम्मद इम्तियाज पप्पू, नूरजहां खातून, अलाउद्दीन अशरफ, शादाब अली, शहजाद अली, निव्हन महमूद, मोहम्मद अनीस, रोशन आरा, शाहजहां खान और अनवरी खातून शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग और अल फलाह सोसायटी का विशेष योगदान रहा। सभी जायरीनों ने इस पहल की सराहना की।

### नव पदस्थापित कुरडेग थाना प्रभारी संजीत कुमार ने की शांति समिति के साथ बैठक

कुरडेग। कुरडेग थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी संजीत कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था को लेकर संवाद स्थापित किया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में पूर्व की भांति शांति और सौहार्द्र बनाए रखना तथा आपसी सहयोग से अपराध पर नियंत्रण सुनिश्चित करना था। बैठक में थाना प्रभारी संजीत कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि वे क्षेत्र में नए हैं, इसलिए सभी की सहायता और मार्गदर्शन की उन्हें आवश्यकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के सहयोग के बिना अपराध नियंत्रण संभव नहीं है, इसलिए पुलिस और आमजन के बीच आपसी समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन बेहतर माहौल बनाए रखने में जनता की भूमिका सबसे अहम होती है। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, सभी पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि, पत्रकार समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

